प्रमुख सचिव महोदया द्वारा दिनांक 27.08.2016 को ली गयी विडियो कांफ्रेंसिंग का कार्यवाही विवरण

1. महात्मा गाँधी नरेगा

1.1 दिनांक 30 जून, 2015 के पूर्व स्वीकृत ऐसे कार्य जिनमें कोई व्यय नहीं हुआ है उनको समाप्त घोषित करने का निर्देश पूर्व वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिये गये थे। प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा पत्रक A में अभी भी अधिक संख्या में ऐसे कार्य छिन्दवाड़ा, पन्ना, रतलाम, सतना, सिवनी जिलों में लंबित हैं। सभी जिले निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। **(सभी जिले)**

1.2 एक ही ग्राम पंचायत में अधिक संख्या में (दस से ज्यादा) सामुदायिक कार्य लंबित प्रदर्शित हो रहे हैं जिलो में बलाघाट, बुरहानपुर, डिंडोरी, रतलाम, रीवा सिवनी हैं। ऐसी ग्राम पंचायतों की कार्यवार समीक्षा कर कार्य पूर्णता सुनिश्चित करें। आगामी VC के पूर्व ऐसी ग्राम पंचायतों में लंबित सामुदायिक कार्यों की संख्या दस से कम करायें। **(सभी जिले)**

1.3 हितग्राहीमूलक कार्य अधिक संख्या में (पचास से ज्यादा) लंबित प्रतिवेदित जिलों में अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, देवास, डिंडोरी, ग्वालियर, झाबुआ, रतलाम, श्योपुर हैं। सभी जिले आगामी VC के पूर्व एक ग्राम पंचायत में लंबित हितग्राहीमूलक कार्यों की संख्या 50 से कम होना सुनिश्चित करें। **(सभी जिले)**

1.4 वित्तीय वर्ष 2013–14 में लंबित प्रदर्शित हो रहे FTO को–ऑपरेटिव में सिंगरौली एवं सीधी में अधिक संख्या में लंबित प्रतिवेदित है जबकि पूर्व VC में सीधी जिला प्रशासन को विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश थे। कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करायें। उपरोक्त जिलों के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2014–15 में अशोकनगर, खंडवा, सिवनी के FTO को–ऑपरेटिव बैंक में अधिक संख्या में लंबित हैं। आगामी VC के पूर्व वर्ष 2015–16 के लंबित प्रदर्शित FTO का भी निराकरण सुनिश्चित करें। **(सभी जिले)**

1.5 विलम्ब से किये गए भुगतान हेतु दी गई प्रतिपूर्ति राशि की वसूली की कार्यवाही छतरपुर, जबलपुर, झाबुआ, कटनी, राजगढ़, रतलाम, सतना, शहडोल, सिंगरौली जिलों में अधिक मात्रा में लंबित हैं। आगामी VC के पूर्व कार्यवाही पूर्ण की जाए। **(सभी जिले)**

1.6 आधार सीडिंग की कार्यवाही में अशोकनगर, भिंड, देवास, झाबुआ, रतलाम, सीधी, टीकमगढ़ जिलों के द्वारा दिए गए लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं हो पायी है। दिनांक 11.08.2016 को सम्पन्न हुई VC में दिए गए लक्ष्यों को पूर्ण किया जाए। **(सभी जिले)**

1.7 अनुसूचित जनजाति परिवारों को मानव दिवस प्रदाय करने के लक्ष्य की दैनिक जानकारी जिलों को प्रेषित की जा रही है जिसमें सिवनी खंडवा होशंगाबाद भिंड एवं मुरैना की प्रगति अच्छी नहीं है। सभी जिले अनुसूचित जनजाति के परिवारों को मानव दिवस प्रदाय करने में विशेष प्रयास करें। **(सभी जिले)**

1.8 बैंक एवं पोस्ट ऑफिस से मजदूरों को भुगतान सुगमता से हो पाए, इस हेतु महीने के निर्धारित साप्ताहिक दिवस को क्लस्टरवार ग्राम पंचायत स्तर पर भुगतान वितरण हेतु बैंक एवं पोस्ट ऑफिस के समन्वय से कैंप लगायें। पूर्व निर्धारित रोजगार संवाद दिवस से समन्वय में कार्यवाही करें।**(सभी जिले)**

1.9 महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 2017–18 का लेबर बजट निर्माण एवं कार्यों का चिन्हांकन किया जाना है। जल संग्रहण के दो कार्य प्रत्येक गॉंव में चिन्हित हों, तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम, खेल मैदान, पंचायत भवन, अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोहल्ले में CC रोड, सभी ODF ग्राम पंचायतों में NADEP/वर्मीकम्पोस्ट की प्राथमिकता पर ध्यान देते हुए कार्य योजना का निर्माण किया जाए। 2016–17 के लेबर बजट स्वीकृति के समय भारत शासन के समक्ष दी गई प्रतिबद्धता – जैसे फार्म पोण्ड, आंगनवाड़ी , NADEP/वर्मीकम्पोस्ट की पूर्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। **(सभी जिले)**

(नीलम शमी राव)
प्रमुख सचिव
म.प्र.शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

D/CEO-commr.vc